हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, शनिवार, 20 सितंबर 2025

11 खंड स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में छा गए...



12 क्रेशर संचालकों ने धोलेड़ा पंचायत की जमीन पर...



*नगरपालिका ने नए बस स्टैंड के पास पहले चस्पाएं थे नोटिस*

## चेतावनी के बाद पुराने बस अड्डे के पास खोखा मालिकों ने स्वयं हटाया अतिक्रमण

- खोखा संचालकों व रेहड़ी संचालकों में मची खलबली, अब मार्ग हुआ साफ
- खोखे संचालकों के सामने रोजी-रोटी का संकट, मुख्य बाजार हुआ खुला-खुला

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडी अटेली

अटेली कस्बे में शुक्रवार को पुराने बस अड्डे के साथ पावर हाउस के साथ अवैध खोखा मालिकों को स्वयं अपना अवैध कब्जा हटाते देखा गया। नपा की कड़ी चेतावनी के बाद दुकानदारों ने भी अपनी दुकानों के सामने टीनशेड आदि अतिक्रमण किए हुए को हटा दिया। हालांकि अनेक दुकानदारों ने हटा दिया है, लेकिन कुछ दुकानदार अभी भी चेतावनी के बाद अतिक्रमण नहीं हटा रहे हैं। नपा सचिव ने स्पष्ट किया प्रशासन उनकी वीडियोग्राफी बनाकर म्युनिसिपल एक्ट के तहत कार्रवाई करेगा। इस अभियान में यह देखा गया कि नपा प्रशासन को पुलिस की किसी प्रकार की सहायता नहीं लेनी पड़ी। नए बस स्टैंड व अनाज मंडी गेट के आसपास तो वीरवार को नगरपालिका ने चेतावनी व नोटिस दिए थे, उसके बाद कार्रवाई शुरू हुई थी। उसके बाद अवैध-खोखों, दुकानों को हटाने से मार्ग अतिक्रमण मुक्त हुआ था, जबकि ये खोखे पिछले 30 सालों से रखे हुए थे। अटेली नपा ने व्यापक स्तर चले अभियान



मंडी अटेली। पावर हाउस के सामने रखे स्वयं खोखे हटाते हुए। फोटो : हरिभूमि

से खोखा व रेहड़ी संचालकों में खलबली व भय का माहौल बना हुआ है। खोखे संचालकों के सामने रोजी रोटी का संकट बन गया है। इसके साथ ही वह अपने लिए आजीविका का स्थान तलाश रहे हैं।

इस मामले में लोगों की मिलीजुली प्रतिक्रिया सामने आ रही है। वैसे लंबे समय से रोड के साथ अवैध खोखों के कारण वाहन चालकों का निकलना दूभर बना हुआ था। रेहड़ी संचालकों व खोखा संचालकों का कहना है कि वह सड़क पर आ गए हैं तथा बच्चों के लिए रोजी रोटी के लाले पड़ गए हैं।

जागरूक लोगों का कहना है कि अवैध खोखों हटने से मुख्य मार्ग चौड़ा हो गया है। अब वाहन चालकों किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। दुर्घटनाओं में कमी आएगी। बस स्टैंड वाली लाइन के साथ उनिंदा सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट तक चार करोड़ की लागत से नाला भी बनना है। इसलिए इनको हटाना भी जरूरी था। रेहड़ी व वेंडर फुटपाथ व घूमकर अपनी आजीविका कमा सकते हैं। कुछ दुकानदार अभी भी नहीं हटा रहे। उनके खिलाफ सख्ती से एक्ट के अनुसार एक्शन लिया जाएगा। लोहे के खोखे एक साथ हटने से कबाड़ियों को काम मिला और उनकी चांदी हो रही है, जबकि खोखों मालिकों के सामने रोजी रोटी का संकट बन गया है।

### क्या कहते है सचिव

इस संबंध में नगर पालिका सचिव प्रशांत पाराशर ने बताया कि रोड के साथ अवैध खोखों व अतिक्रमण से आम जनता काफी परेशानी थी। अनेक लोगों ने सरकारी जगह पर बड़े-बड़े खोखे रखकर उन्हें किराए पर दिए हुए थे। सरकारी जमीन का अवैध किराया वसूलने का खेल अंतरखाते चल रहा था। ऐसे लोगों का चिह्नित किया जा रहा है।

### मौज में आए कबाड़ी

लोहे के खोखे एकसाथ हटने से कबाड़ियों को काम मिला है और उनकी चांदी हो गई। वहीं खोखा मालिकों के सामने रोजीरोटी का संकट बन गया। अटेली कस्बे में एकसाथ सैकड़ों की संख्या में खोखे हटने से रास्ता साफ हो गया है। अतिक्रमण मुक्त होने से वाहन चालकों की दिक्कतें कम हो जाएंगी। वही कबाड़ियों व लोहे के मिस्त्रियों को पिछले तीन-चार रोज से काम मिला हुआ है। उनको लोहा व दूसरा सामान आसानी से सस्ते भाव में मिल रहा है।

## खबर संक्षेप

### महर्षि वाल्मीकि सभा की बैठक कल

**नारनौल।** श्री महर्षि वाल्मीकि सभा तालाब बहादुर सिंह में वाल्मीकि समाज की ओर से 21 सितंबर को बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक में 7 अक्टूबर को मनाए जाने वाले महर्षि वाल्मीकि प्रकटोत्सव को लेकर रणनीति बनाई जाएगी। सभा के प्रधान समाज के लोगों से बैठक में बढ़ चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया है।

### विशेष शिकायत निवारण शिविर कल से

**नारनौल।** सेवा पर्व के तहत 21 व 22 सितंबर को तहसील कार्यालय नांगल चौधरी में विशेष शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। नायब तहसीलदार करण कुमार ने बताया कि 21 व 22 सितंबर को तहसीलदार कार्यालय नांगल चौधरी में लगने वाले विशेष शिकायत निवारण शिविर में कोई भी आमजन राजस्व मामलों, बंटवारे, लंबित नामांतरण से संबंधित शिकायतों का निवारण करवा सकते हैं।

### राजस्व संबंधी शिकायतों के लिए शिविर आज

**महेंद्रगढ़।** एसडीएम कनिका गोयल ने बताया है कि सेवा पर्व के तहत महेंद्रगढ़ तहसील कार्यालय में राजस्व सम्बंधी शिकायतों के निवारण के लिए 21 व 22 सितंबर को शिविर का आयोजन किया जाएगा। तहसीलदार अजय कुमार ने बताया कि महेंद्रगढ़ तहसील के किसी भी व्यक्ति की राजस्व सम्बन्धी शिकायत बकाया इंतकाल, राजस्व रिकार्ड में दुरूस्ती व बंटवारा केस सम्बन्धी कोई भी समस्या है तो वह तहसील कार्यालय में 21 व 22 सितंबर को आकर अपनी समस्या का समाधान करवा सकते हैं।

### भोजन बनाने में पुरुषों की होनी चाहिए भागीदारी

**कनीना।** सेवा पर्व के तहत सामाजिक कार्यों में पुरुषों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से गांव भालखी में पौष्टिक व्यंजन बनाने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहित ग्रामीण महिलाओं ने हिस्सा लिया। विभाग की सुपरवाइजर पूजा ने महिलाओं को भोजन बनाने में पुरुषों की भागीदारी सुनिश्चित करने तथा पौष्टिक आहार बनाने की बात कही। इस मौके पर सरपंच योगेन्द्र सिंह, आशा, निर्मला देवी, शारदा, अनीता आदि उपस्थित थी।

### महिला सशक्तिकरण के विषय में दी जानकारी

**नारनौल।** दुर्गा शक्ति की पुलिस टीम ने गांव कमानियां के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। दुर्गा शक्ति इंचार्ज निरीक्षक मीनाक्षी द्वारा स्कूल में उपस्थित सभी छात्राओं को महिला सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण के विषय मे विस्तार पूर्वक बताया गया। उन्होंने बताया कि गुड टच बैड टच क्या होता है, अगर कोई गलत नीयत से छूता है तो उसे तुरंत टोकना चाहिए। ऐसे लोगों की जानकारी तुरंत अपने अभिभावकों से या फिर किसी ऐसे व्यक्ति को देनी चाहिए, जिस पर आपको विश्वास हो।

### महेंद्रगढ़ आदर्श रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

## रजिस्ट्रार नहीं मिलने पर बिफरे, कार्यालय प्रांगण में दिया धरना

- रजिस्ट्रार बोले, इनको विभागीय नियमानुसार वर्चुअल मीटिंग का लिंक दिया गया, उसी पर रखना था अपना पक्ष, आने की जरूरत ही नहीं थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

श्री आदर्श रामलीला कमेटी महेंद्रगढ़ के तत्वावधान में प्रधान सुरेंद्र बंटी के नेतृत्व में रामलीला से जुड़े कार्यकर्ता निजामपुर रोड स्थित रजिस्ट्रार कार्यालय में पहुंचे, जहां रजिस्ट्रार हाजिर नहीं होने पर वह बिफर पड़े और वहीं कार्यालय प्रांगण में ही धरना देकर बैठ गए। बाद में वे उपायुक्त कर्यालय गए और डीसी को ज्ञापन दिया। प्रधान सुरेंद्र बंटी ने बताया कि महेंद्रगढ़ निवासी हेमंत खुराना उनसे व्यक्तिगत रंजिश रखता है तथा बार-बार एवं जगह-जगह उनकी शिकायतें करता रहता है।

सुरेंद्र बंटी ने बताया कि वह रामलीला का प्रधान है, इस कारण खुराना ने रंजिशन रामलीला की भी शिकायत कर दी। उन्होंने बताया कि श्री आदर्श रामलीला कमेटी महेंद्रगढ़ शहर की पुरानी एवं धार्मिक मंडल है, जो सन 1971 से रामलीला मंचन, जागरण एवं अन्य सामाजिक कार्य करता आ रहा है। उन्होंने बताया कि हेमंत खुराना की शिकायत है कि श्री आदर्श रामलीला कमेटी नए एक्ट के अनुसार पंजीकृत नहीं है। उन्होंने यह शिकायत डिस्ट्रीक्ट रजिस्ट्रार फर्म एंड सोसायटीज नारनौल को कर रखी है। रजिस्ट्रार ने आज उसी शिकायत की सुनवाई के लिए उन्हें अपने कार्यालय बुलाया हुआ था, जिस पर वह कार्यकारिणी सहित यहां पहुंचे हैं, लेकिन कमाल की बात है कि आज खुद रजिस्ट्रार यहां मौजूद नहीं हैं। ऐसे में उनके केस की शिकायत कौन सुनेगा। उन्होंने बताया कि आज शाम से ही रामलीला में गणेश पूजन होना है तथा इसके बाद रामलीला विधिवत रूप से शुरू हो जाएगी। इसी रामलीला की एवं गणेश पूजन की तैयारियों में वह लगे हुए थे, लेकिन रजिस्ट्रार द्वारा उन्हें परेशान किया जा रहा है।

वह इस शिकायत के निपटान के लिए कई बार कार्यालय आ चुके हैं। पिछली बार आए थे, तब खुद रजिस्ट्रार ने उन्हें कहा था कि आप रामलीला का आयोजन कर लें, उसके बाद ही इसकी सुनवाई की जाएगी, लेकिन अब उन्होंने बीच में ही गणेश पूजन के दिन ही सुनवाई की तारीख लगा दी और वह आज अपना पक्ष उनके सम्मुख रखने आए थे, लेकिन वह खुद ही कार्यालय में मौजूद नहीं हैं।



नारनौल। रजिस्ट्रार कार्यालय में धरना देकर रोष व्यक्त करते हुए।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर मनोहर लाल, गोविंदराम, लक्ष्मीनारायण, हरीसिंह, भगवान दास सैनी, ओमप्रकाश, रामा खेड़ीवाला, ललित यादव एवं धीरज आदि मौजूद थे।

### 17 तक का मांगा था नए एक्ट में संस्था रजिस्टर्ड करवाने का समय

बंटी ने बताया कि हमने उनसे गत 5 सितंबर को पेश होकर अलग से निवेदन देकर रावण दहन तक 2 अक्टूबर के बाद यानि 17 अक्टूबर तक का नए एक्ट में संस्था रजिस्टर्ड करवाने का समय मांगा था और उन्हें यह समय दे भी दिया गया था, लेकिन अब बीच-बीच में तारीख लगाकर उन्हें परेशान किया जा रहा है। मौके पर रजिस्ट्रार के उपलब्ध नहीं होने पर वह शिकायत लेकर डीसी के पास चले गए। उन्होंने यह भी बताया कि हमारी संस्थान वर्तमान में स्टेट एडिड सोसायटी नहीं है। न ही मैंबरशिप, चुनाव धारा 39 एचआरआरएस 2012, गर्वनिंग बॉडी, प्रस्ताव आदि की शिकायत है। संस्था वर्तमान में नॉन स्टेट एडिड सोसायटी है। इसलिए हेमंत खुराना की शिकायत को मय कोस्ट खारिज की जाए।

### यह कहते हैं रजिस्ट्रार

उनके पास नारनौल के अलावा दादरी का भी चार्ज है। आज दादरी छोड़कर रेवाड़ी ज्वाइन करना था, लेकिन वहां नहीं जा सका। हमने सुनवाई के लिए उन्हें कार्यालय नहीं बुलाया था। विभाग के नियमानुसार उन्हें वर्चुअल मीटिंग के लिए लिंक दिया गया था, उस लिंक पर ही मीटिंग में इन्हें अपना पक्ष रखना था। हमने उनकी रामलीला को भी नहीं रोका है, वह आयोजन कर सकते हैं। उनसे जब वह प्रधान बने थे, तब का रिकार्ड मांगा गया है, जो वह उपलब्ध नहीं करवा रहे हैं। उलटा उन पर ही अनाप-शनाप झूठे आरोप लगाकर बरगलाने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसा नहीं चलेगा।

-महेश कुमार, एसिस्टेंट डायरेक्टर (रजिस्ट्रार), डिस्ट्रीक्ट रजिस्ट्रार फर्म एंड सोसायटीज, नारनौल

*प्रशासनिक स्वीकृति जारी*

## 211.65 लाख में रामबास गांव के दो जोहड़ में पहुंचेगा नहरी पानी

- जोहड़ों में पानी भरने से रामबास धानोता व मारोली गांवों के भूजल स्तर में सुधार होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

नांगल चौधरी हलके में रामबास गांव के जंगलात वाला एवं घाटी वाला दो जोहड़ नहर से जोड़े जाएंगे। पूर्व सिंचाई मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव ने बताया कि यह गांव सीधे रूप से नहर से नहीं जुड़ा हुआ है।

इसके जल स्तर में सुधार की आवश्यकता को देखते हुए इन दो जोहड़ों को नहर से जोड़ने का प्रस्ताव सरकार के पास भिजवाया गया था। हसनपुर डिस्ट्रीब्यूटरी से निकलने वाली दनचौली माइनर के पम्पहाउस नंबर तीन से प्रेशर पम्प द्वारा डीआई पाइप के माध्यम से ऊंचाई पर स्थित इन जोहड़ों में पानी भरा जाएगा। यह दोनों ही जोहड़ रामबास गांव की सीमा में धानोता के पहाड़ के बिलकुल समीप स्थित हैं। इन जोहड़ों में पानी भरने से रामबास, धानोता व मारोली गांवों के भूजल स्तर में सुधार होगा। इस काम पर आने वाले खर्च की राशि हरियाणा वॉटर अथॉरिटी द्वारा स्वीकृत की गई है तथा हरियाणा सरकार इसकी प्रशासनिक स्वीकृति जारी कर चुकी है। अगले कुछ समय में इसके लिए टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी।

### जोहड़ों में पहुंचने वाला पानी भूजल रिचार्ज में सहायक होगा



डॉ. अभय सिंह यादव ने बताया कि नांगल चौधरी हल्के के प्रत्येक गांव में कम से कम एक जोहड़ को पिछले 10 वर्ष में नहर से जोड़ा जा चुका है। अब रामबास गांव में भी दो जोहड़ नहर से जोड़े जाएंगे। इन जोहड़ों से किसानों को सिंचाई की सुविधा प्रदान करने एवं भूजल रिचार्ज जैसे दो महत्वपूर्ण कामों के लिए जोड़ा जा रहा है। जोहड़ों में पहुंचने वाला पानी भूजल रिचार्ज में सहायक होगा तथा फसल के समय आवश्यकतानुसार खेतों के लिए भी इससे किसान सिंचाई का पानी भी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि विशेषकर इन जोहड़ों के संबंध में गांव वालों ने चुनावों से कुछ दिन पहले ही मांग की थी तथा चुनाव के बाद इसका प्रस्ताव सरकार को भिजवा दिया गया था। जिसे अब स्वीकृति मिल चुकी है। इस कार्य के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी का धन्यवाद किया। उन्होंने सिंचाई मंत्री से दूरभाष पर उनका आभार व्यक्त किया है।



महेंद्रगढ़। पुलिसलाइन में खड़े ट्रैक्टर। फोटो : हरिभूमि

## पुलिस ने दो ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़े, अवैध बजरी भरकर ले जा रहे थे, कराया सीज

- पुलिस टीम ने स्पेशल चेकिंग अभियान चलाया

**महेंद्रगढ़।** अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई के लिए गठित स्पेशल टीम ने अवैध बजरी भरकर ले जाते दो ट्रैक्टर-टॉली को जब्त किया है। पुलिस टीम ने स्पेशल चेकिंग अभियान चलाकर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को शहर महेंद्रगढ़ क्षेत्र से और एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को गुढ़ा कनीना क्षेत्र से पकड़ा। राजस्थान क्षेत्र से ट्रॉलियों में अवैध बजरी भरकर ले जाई जा रही थी। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर-ट्रालियों को पकड़कर खनन विभाग की टीम के माध्यम से सीज करवाया गया। प्रवक्ता सुमित ने बताया कि एसपी पूजा वशिष्ठ ने मीटिंग के दौरान सभी थाना प्रबंधकों, चौकी इंचार्जों को निर्देश दिए हुए हैं कि अवैध माइनिंग-खनन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, जिनके तहत पुलिस द्वारा अवैध खनन-माइनिंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

## सोमवार को अदालती कार्य नहीं करेंगे वकील, पुलिस की निकालेंगे शव यात्र

- *जिला बार एसोसिएशन की आमसभा की बैठक का आयोजन*

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

जिला बार एसोसिएशन की आमसभा की बैठक शुक्रवार दोपहर हुई। आम सभा की अध्यक्षा प्रधान संतोख सिंह यादव ने की। मंच संचालन सचिव प्रदीप यादव ने किया। इसके अलावा मंचासीन कार्यकारिणी सदस्यों में उप प्रधान विकाश सांगवान, सचिव प्रदीप यादव, सह सचिव चंद्र देव, कोषाध्यक्ष सुगन सिंह, लेखा परीक्षक कार्तिक यादव, पुस्तकालयाध्यक्ष प्रमिंद्र यादव रहें। इनके अलावा अन्य सभी अधिवक्ता साथी बार रूम में उपस्थित रहे। पुलिस की कार्यप्रणाली एवं असहयोगात्मक रवैये को देखते हुए आम सभा में सर्वसम्मति से अहम निर्णय लिए गए।

### करेंगे विरोध प्रदर्शन



जिला बार एसोसिएशन के प्रधान संतोख सिंह यादव ने बताया कि पूर्व से जारी राजस्व न्यायालयों (**Revenue Courts**) का कार्य निलंबन आगे भी जारी रहेगा। पुलिस की कार्यप्रणाली को देखते हुए पुलिस के प्रति असहयोग आंदोलन आगे भी जारी रहेगा। 22 सितम्बर सोमवार को जिला की सभी अदालतों का कार्य पूर्ण रूप से स्थगित रहेगा। उन्होंने बताया कि जिला न्यायालय नारनौल से महावीर चौक तक पुलिस प्रशासन की शव यात्रा निकाली जाएगी, जो विरोध प्रदर्शन का हिस्सा होगी। इस आंदोलन को प्रभावी स्वरूप देने हेतु महेन्द्रगढ़ बार एसोसिएशन तथा कनीना बार एसोसिएशन से सहयोग आमंत्रित किया जाएगा। यह निर्णय सर्वसम्मति से पारित किया गया।

## तार में आया फाल्ट, आधे शहर की बिजली 12 घंटे रही गुल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

इंडस्ट्रीयल एरिया में बिजली निगम का 33 केवी सब स्टेशन है। इससे आधा शहर जुटा है। वीरवार की रात करीब दो बजे इस सब स्टेशन से जुड़े तारों में फाल्ट आ गया। इसके बाद आधे शहर की बिजली गुल हो गई। इस सब स्टेशन को आने वाली मुख्य लाइन के खंबों पर ही निजामपुर क्षेत्र में जाने वाले 33 केवी सब स्टेशन की लाइन भी है। यह लाइन सेक्टर एक के पास और दो से तीन अन्य जगहों पर फाल्ट होकर टूट गई। इस वजह से करीब 12 घंटे बिजली गुल रही।

बिजली निगम के इंडस्ट्रीयल एरिया में स्थापित 33 केवी सब स्टेशन से पुल बाजार फीडर, इंडस्ट्रीयल एरिया फीडर, निजामपुर रोड सहित अन्य कई फीडरों में बिजली आपूर्ति होती है। फाल्ट आने की वजह से सब स्टेशन की मुख्य लाइन को भी रात दो बजे से बंद कर दिया गया। जिसके कारण शहर के अनेक मोहल्लों में बिजली रात दो बजे से गुल हो गई।

### यह शहरी एरिया हुआ प्रभावित

शहर के मोहल्ला नई सराय, रविदास मंदिर मार्ग, श्याम कॉलोनी, मन्नू नगर, ईश्वर कॉलोनी, बाल भवन के पास, दया नगर फेज एक व दो, निजामपुर रोड, छोटा-बड़ा तालाब, मोहल्ला महल, मिश्रवाड़ा, दशमेश नगर, मोहल्ला संघी वाड़ा, काबिला संघी वाड़ा, पुल बाजार, मीरा जी, शिवाजी नगर नजदीक पुल बाजार, पुस्तक बाजार, मोहल्ला परस, सलामपुरा, बावड़ीपुर, फौजदार कॉलोनी, बड़ का कुआं सहित अनेक मोहल्लों की बिजली गुल रही।

### एसडीओ बोले...तीन जगह से टूटी लाइन

इस संबंध में दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम के एसडीओ मोहम्मद अजहरुद्दीन ने बताया कि निजामपुर जाने वाली मुख्य लाइन तीन जगह से रात को टूट गई। इस वजह से परेशानी हुई। कर्मचारियों ने इन लाइनों को ठीक करने में काफी मेहनत की।

### आधुनिक डिजिटल तकनीक की सहायता से रामलीला का दिव्य स्वरूप दर्शकों को लुभाएगा

*सज गया मंच*

## 75वें हीरक जयंती रामलीला मंचन का शुभारंभ आज से

- *विधायक करेंगे रामलीला मंचन का शुभारंभ*

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

श्री धार्मिक रामलीला ट्रस्ट चांदुवाडा की ओर से वर्ष 1950 से लगातार रामलीला का मंचन किया जा रहा है। इस बार 75वें हीरक जयंती रामलीला मंचन का शुभारंभ 20 सितम्बर शनिवार रात्रि को होगा। इस बार ओर भी अधिक डिजिटल व भव्य रूप देकर मंचन का विस्तार किया गया है। आधुनिक डिजिटल तकनीक की सहायता से रामलीला का दिव्य स्वरूप दर्शकों को लुभाने का काम करेगा। रामलीला मंचन के शुभारंभ मुख्यातिथि विधायक ओमप्रकाश यादव करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमुख समाजसेवी दुलीचंद संघी एवं चैरिटेबल ट्रस्ट चेन्नई के चेयरमैन सुरेश कुमार संघी करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में मंगलमुखी किन्नर समाज प्रधान विनोद सैनी, नारायण दास सिंघल तथा विशिष्ट अतिथि गोपाल मित्तल, डॉ. राधेश्याम, एडवोकेट प्रेमचंद गुप्ता, एडवोकेट राजकुमार यादव, डॉ. हितेश वर्मा, प्रवीण संघी, राजकुमार चौधरी, सुनील गौड़, डॉ. सुरेंद्र मित्तल, रामोतार यादव, भगवान दास जैन, वासुदेव यादव, गौरव अग्रवाल, अनिल गोयल, मधुर गर्ग, अरुण नूनीवाला व सुधीर यादव आदि रहेंगे।

*युवा पीढ़ी में प्रभु राम की लीला के प्रति रूझान बढ़ रहा:* रामलीला ट्रस्ट के प्रधान संजय गर्ग ने बताया कि आधुनिक समय में भी युवा पीढ़ी में प्रभु राम की लीला के प्रति रूझान बढ़ रहा है, जो कि रामलीला मंचन के माध्यम से हमें देखने को मिलता है। जिससे प्रेरित होकर रामलीला कमेटी रामलीला को नए दिव्य स्वरूप के साथ प्रस्तुत कर रही है। जिसमें दर्शकों को बैठने की सुंदर व्यवस्था व अत्याधुनिक तकनीक द्वारा रामलीला का मंचन प्रस्तुत किया जाएगा।



नारनौल। तैयारियों का जायजा लेते समिति के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### यह भी होंगे कार्यक्रम

कोषाध्यक्ष जगदीश भारद्वाज चार अक्टूबर को प्राचीन नाट्य कला मण्डल द्वारा वीर बर्बरीक शीश का दानी नाटक का सुंदर मंचन, पांच अक्टूबर को लोक कला मंचन द्वारा राजा नूनकरन का नाटक तथा छह अक्टूबर को रोटरी क्लब की ओर से विराट हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। 75 वर्षों से लगातार प्रभु राम की लीला के अभूतपूर्व मंचन के लिए पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा संस्था को बेस्ट रामलीला अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। ट्रस्ट संरक्षक शिंभुदयाल गर्ग, डॉ मनोज वर्मा, विनोद सर्राफ, बलवंत सैनी, मोहित सोनी, मनमोहन सोनी, विशाल हरित, मुकेश गोयल, बलवान सैनी, चिराग अग्रवाल, सत्यनारायण वर्मा आदि ने रामलीला की तैयारियों का जायजा लिया।

### आज से 3 अक्टूबर तक होगा मंचन

- 20 सितंबर से शिव तलहटी, श्रवण कुमार, वेदवती-रावण संवाद
- 21 सितंबर को राम जन्म, ताडका वध, सुबाहु-मारीच, फुलवारी
- 22 सितंबर को धनुष यज्ञ, राम विवाह
- 23 सितंबर को राम राज्याभिषेक, मंथरा कैकई संवाद, कोपभवन
- 24 सितंबर को राम वनवास
- 25 सितंबर को दशरथ देह त्याग, भरत मिलाप
- 26 सितंबर को अत्रि मिलन, विराद वध, गुरू-चेला
- 27 सितंबर को शुर्पनखा की नाक, खर-दूषण वध, सीता हरण, शबरी मिलन
- 28 अक्टूबर को राम-सुग्रीव मित्रता, बाली वध
- 29 सितंबर को अशोक वाटिका, लंका दहन
- 30 सितंबर को विभीषण शरणागत, अंगद रावण संवाद, लक्ष्मण शक्ति
- एक अक्टूबर को कुंभकर्ण वध, मेघनाथ वध, अहिरावण वध, चंडी की भेंट
- दो अक्टूबर को रावण दहन लीला मंचन नजदीक जल महल के पास नई अनाज मण्डी परिसर
- तीन अक्टूबर को भगवान राम का राजतिलक, आरती व प्रसाद वितरण



ऑक्टोपस के तीन दिल होते हैं, एक शरीर के बाकी हिस्सों में रक्त पंप करता है, जबकि अन्य दो हृदय गलफड़ों में रक्त पहुंचाते हैं।



फ्लेमिंगो का गुलाबी रंग उनके भोजन में पाए जाने वाले कैरोटीनॉयड नामक रसायन के कारण होता है।



# गर्भवती महिलाओं को आंगनबाड़ी में मिलती हैं कई सुविधाएं




नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

गर्भवती महिला तथा उनके बच्चों को भोजन की किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होती है। आंगनबाड़ी केंद्र को 2 अक्टूबर 1975 को पूरे भारत में शुरू किया गया था। इसका मुख्य लक्ष्य बच्चों, गर्भवती महिला तथा दूध पिलाने वाली माताओं की स्वास्थ्य पोषण और विकास की आवश्यकताओं की पूर्ति करना है। गर्भधारण के दौरान महिलाएं अपना तथा अपने बच्चों का पूर्ण ध्यान रखें, उनमें कितना वजन होना चाहिए उन्हें क्या खाना चाहिए, तथा जन्म के बाद बच्चे की पूरी देखरेख जैसे उसमें कितना वजन है, बच्चों को कोई बीमारी तो नहीं है इत्यादि जांचना आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का काम होता है।

## नवजातों को सुविधा

आंगनबाड़ी माता एवं बच्चों के स्वास्थ्य एवं विकास संबंधित सहायता करती है। आंगनबाड़ी के जरिए नवजात शिशु तथा गर्भवती महिलाओं को कई तरह की सुविधा प्रदान की जाती है। आंगनबाड़ी में नवजात शिशु और 6 साल से कम आयु के बच्चों की देखरेख की जाती है। आंगनबाड़ी की ओर से 3 से 6 वर्ष तक बच्चों को शिक्षा दी जाती है। आंगनबाड़ी केंद्र में 6 वर्ष तक आयु को बच्चों को पोषण आहार दिया जाता है। आंगनबाड़ी के कर्यकर्ता बच्चों के खान-पान पर विशेष ध्यान देते है। यदि कोई बच्चा कुपोषित है तो उन्हें तुरंत अस्पताल भेजना तथा स्वास्थ्य सुविधा आंगनबाड़ी की तरफ से प्रदान की जाती है। अगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की तरफ से पूरी कोशिश की जाती है कि नवजात बच्चों को कोई भी बीमारी नहीं हो तथा वह कुपोषित नहीं हो और उनका स्वास्थ्य ठीक रहे।

### महिलाओं को सुविधा

अगर इस बारे में बात करें कि आंगनबाड़ी केंद्र की तरफ से गर्भवती महिलाओं को क्या-क्या सुविधा दी जाती है तो आपको बता दें कि केंद्र की तरफ से गर्भवती महिलाओं को कई तरह की सुविधा प्रदान की जाती है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गर्भवती महिलाओं को पूरी तरह मार्गदर्शन देती है कि उन्हें अपना ध्यान किस प्रकार रखना है, उन्हें क्या खाना है जो उनके तथा उनके बच्चे दोनों के लिए अच्छा हो। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता महिलाओं को सलाह देती है कि उन्हें क्या करना चाहिए जिससे उनके बच्चे का विकास पूर्ण रूप से हो।

## देनी होती है जानकारी

गर्भवती महिलाओं कों गर्भधारण के दूसरे महीने में आंगनबाड़ी केंद्र में जाकर अपना जानकारी देनी होती है। जिसके बाद आंगनवाड़ी केंद्र आपकी पूरी डीटेल्स को आंगनवाड़ी कार्यालय भेज देता है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की तरफ से आपको यह जानकारी दी जाती है कि आपकी डिलीवरी कब होगी और आपका कौन-कौन सा इंजेक्शन की जरूरत है।

### 1500 दी जाती है प्रोत्साहन राशि

डिलीवरी होने के बाद आपको राशन भी दिया जाता है एवं प्रधानमंत्री योजना के तहत आपको 1500 रु प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। यह प्रोत्साहन राशि इसलिए दी जाती है ताकि आप अपने खान-पान का पूरा ध्यान रख सके और अपने बच्चों का विकास सुनिश्चित कर सकें।

### इस प्रकार ले सकते हैं सुविधा का लाभ

गर्भवती महिलाओं को यह सारी सुविधा लेने के लिए सबसे पहले आंगनवाड़ी केंद्र में जाकर रजिस्ट्रेशन करवाना होता है। रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए आपको आगनबाड़ी केंद्र में जाना होता है व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सभी जानकारी देनी होती है। प्रेगनेंसी की जानकारी जब आंगनबाड़ी केंद्र तक पहुंच जाती है तो आपको सभी सुविधाओं का लाभ दिया जाता है।

योजना के लिए जरूरी दस्तावेज, आधार कार्ड, वोटर आईडी बैंक, खाता का पासबुक, राशन कार्ड, मोबाइल नंबर, निवास प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, इत्यादि।

## करना होता है रजिस्ट्रेशन

- इस योजना में आवेदन करने के लिए सबसे पहले आवेदक कों बताये गए सभी दस्तावेजों को अपने पास रखना होता है। आवेदक महिला के पास यह सभी दस्तावेज उपलब्ध होने चाहिए।
- इसके बाद आंगनबाड़ी केंद्र से आपको एक फॉर्म लेना होता है और पूछी गई जानकारी को सावधानीपूर्वक दर्ज करना होता है।
- अब आपको आवेदन फार्म के साथ सभी मांगे गए दस्तावेज लगाने होते हैं।
- इसके बाद आपको अपना एप्लीकेशन फॉर्म आंगनवाड़ी केंद्र में जाकर जमा करवाना होता है।
- इस प्रकार आपका रजिस्ट्रेशन पूरा हो जाता है।
- आपकी डिलीवरी होने के बाद हर महीने आपको 1500 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है।

## अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग सुविधा

विभिन्न राज्यों की सरकारों की तरफ से गर्भवती महिलाओं को आंगनबाड़ी केंद्र की ओर से कई तरह की सुविधा प्रदान की जाती है जैसे उत्तर प्रदेश राज्य की तरफ से एक कार्यक्रम के तहत गर्भवती महिलाओं को कई तरह का लाभ दिया जाता है। राज्य के अनुपूरक पोषाहारकार्यक्रम के तहत गर्भवती महिलाओं को कुपोषण से बचाने और अच्छे स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों पर पौष्टिक भोजन प्रदान किया जाता है। भोजन में हर दिन 600 कैलोरी ऊर्जा और 20-25 ग्राम प्रोटीन शामिल होता है। इसमें गेहूं के आटे की बर्फी, मूंग दाल की खिचड़ी और बेसन जैसी चीजें शामिल होती हैं। हरियाणा में आंगनबाड़ी केंद्रों में गेहूं, चावल, सरसों का तेल, दूध की पैकेट इत्यादि कई तरह का राशन उपलब्ध करवाया जाता है। इन सब के पीछे सरकार का एक ही उद्देश्य है कि नवजात शिशु तथा उसकी माता दोनों स्वस्थ रहें तथा दोनों का सर्वांगीण विकास हो पाए।

### कुपोषण को हराने के लिए बनाए गए आंगनबाड़ी केंद्र

आगनबाडी वह केंद्र है जिसमें आंगनबाड़ी केंद्र कों वेतनभागी आंगनबाडी कार्यकर्ता द्वारा संचालित किया जाता है और आंगनबाड़ी सहायिका उसकी मदद के लिए होती है। भारत में बढ़ती हुई बच्चों की जनसंख्या तथा कुपोषण के लक्षणों को देखते हुए भारत सरकार ने आंगनवाड़ी केंद्रों को एक विशेष पहचान प्रदान की है। इन केंद्रों पर समाज के गरीब वर्ग के बच्चों को काफी सहायता दी जाती है तथा इन केन्द्रों से गर्भवती महिला और उनको बच्चों को भी कई तरह की सुविधा दी जाती है।

---

सूचना प्रौद्योगिकी, सॉफ्टवेयर विकास व कंप्यूटर अनुप्रयोगों की देता समझ

# बीसीए के बाद करियर विकल्प : कॉर्पोरेट व सरकारी जगत में नौकरी के सुनहरे मौके

डॉ. मोहित बंसल
करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (बी.सी.ए.) एक तीन वर्षीय स्नातक कार्यक्रम है, जो विद्यार्थियों को सूचना प्रौद्योगिकी, सॉफ्टवेयर विकास और कंप्यूटर अनुप्रयोगों की गहन समझ प्रदान करता है। इसमें प्रोग्रामिंग लैंग्वेज, डाटा स्ट्रक्चर, ऑपरेटिंग सिस्टम, नेटवर्किंग, डाटाबेस मैनेजमेंट सिस्टम और वेब टेक्नोलॉजी जैसे विषय शामिल होते हैं। नई शिक्षा नीति (एन.ई.पी. 2020) के अनुसार अब विद्यार्थी बी.सी.ए. को तीन वर्षों में सामान्य स्नातक डिग्री के रूप में या चार वर्षों में बी.सी.ए. ऑनर्स के रूप में भी पूरा कर सकते हैं। बी.सी.ए. (ऑनर्स) कार्यक्रम में विद्यार्थियों को किसी विशेष क्षेत्र जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्लाउड कम्प्यूटिंग, डाटा साइंस या साइबर सुरक्षा में विशेषज्ञता हासिल करने का अवसर मिलता है, जिससे वे अत्यधिक प्रतिस्पर्धी क्षेत्रों में सशक्त करियर बना सकते हैं। बी.सी.ए. और बी.सी.ए. (ऑनर्स) के अंतर्गत विभिन्न विशेषज्ञताएँ उपलब्ध हैं।

**प्रोग्रामिंग लैंग्वेज, डाटा स्ट्रक्चर, ऑपरेटिंग सिस्टम, नेटवर्किंग की मिलती है जानकारी**

**डाटाबेस की मैनेजमेंट सिस्टम और वेब टेक्नोलॉजी की मिलती है शिक्षा**

## प्रमुख स्पेशलाइजेशन

- कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस)
- डाटा साइंस और बिग डाटा एनालिटिक्स
- साइबर सुरक्षा और नेटवर्क सुरक्षा
- क्लाउड कम्प्यूटिंग
- वेब एवं मोबाइल एप्लीकेशन विकास
- सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग
- मशीन लर्निंग एवं डीप लर्निंग
- इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी)

## बीसीए एक तीन वर्षीय स्नातक कार्यक्रम



### खुलते हैं भविष्य के द्वार

*बीसीए छात्रों के लिए करियर की राहें केवल कंप्यूटर अनुप्रयोगों तक सीमित नहीं रहतीं, बल्कि निजी और सरकारी दोनों क्षेत्रों में उनके लिए सुनहरे भविष्य के द्वार खोलती हैं। सही कौशल और उच्च शिक्षा के साथ वे देश और विदेश, दोनों जगह उत्कृष्ट अवसर प्राप्त कर सकते हैं। किसी भी करियर का चुनाव करने से पहले किसी योग्य करियर सलाहकार से सलाह जरूर लें। अधिक जानकारी के लिए* ***www. careerjaano. com*** *पर भी विजिट कर सकते हैं।*

## आवश्यक कौशल

बी.सी.ए. स्नातकों के लिए केवल शैक्षणिक ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उद्योग में सफल होने हेतु विशेष कौशल आवश्यक हैं। निम्नलिखित प्रमुख कौशल इस प्रकार हैं।

- प्रोग्रामिंग लैंग्वेज (जावा, पायथन, सी++, जावास्क्रिप्ट) में दक्षता
- समस्या समाधान और तार्किक सोच
- डाटा विश्लेषण और गणितीय क्षमता
- वेब एवं मोबाइल एप्लीकेशन विकास की समझ
- टीमवर्क और प्रोजेक्ट मैनेजमेंट स्किल्स
- नई तकनीकों को शीघ्र सीखने और अपनाने की क्षमता

## उच्च शिक्षा और आगे के अवसर

बी.सी.ए. स्नातक यदि अपनी पढ़ाई आगे बढ़ाना चाहें तो उनके लिए कई मार्ग खुले हैं।


1. उच्च शिक्षा कार्यक्रम

- मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (एम.सी.ए.)
- मास्टर ऑफ बिज़नेस एडमिनिस्ट्रेशन (एम.बी.ए.) – आई.टी. एवं मैनेजमेंट
- एम.एससी. (कंप्यूटर साइंस/डाटा साइंस/ए.आई.)
- पी.जी. डिप्लोमा इन साइबर सिक्योरिटी, क्लाउड कम्प्यूटिंग या मशीन लर्निंग

2. विशेष सर्टिफिकेशन कोर्स (प्रमुख कंपनियों द्वारा)

- **माइक्रोसॉफ्टः** माइक्रोसॉफ्ट अजूर फंडामेंटल्स
- **गूगलः** गूगल क्लाउड प्रोफेशनल सर्टिफिकेशन
- **अमेज़नः** एडब्ल्यूएस सर्टिफाइड सॉल्यूशंस आर्किटेक्ट
- **आईबीएमः** आईबीएम डाटा साइंस सर्टिफिकेट
- **ओरेकलः** ओरेकल सर्टिफाइड जावा प्रोग्रामर
- **सिस्कोः** सिस्को सर्टिफाइड नेटवर्क प्रोफेशनल

*ये सर्टिफिकेशन न केवल विद्यार्थियों को तकनीकी दक्षता प्रदान करते हैं, बल्कि उन्हें इंडस्ट्री-रेडी बनाते हैं और राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उच्च वेतन वाली नौकरियों के लिए प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त दिलाते हैं।*



**बीसीए को 3 वर्षों में सामान्य स्नातक डिग्री के रूप में या 4 वर्षों में बीसीए ऑनर्स भी कर सकते हैं**

## निजी क्षेत्र में करियर विकल्प

डिजिटल अर्थव्यवस्था और औद्योगिक विकास के दौर में बी.सी.ए. स्नातकों के लिए निजी क्षेत्र में विभिन्न उद्योगों में अवसर उपलब्ध हैं। निम्नलिखित प्रमुख उद्योग और उनके अंतर्गत पदनाम इस प्रकार हैं।

- सूचना प्रौद्योगिकी
  सॉफ्टवेयर डेवलपर
  वेब डेवलपर
  मोबाइल एप डेवलपर
  डाटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर
  क्लाउड इंजीनियर
- बैंकिंग और वित्तीय सेवाएँ
  आई.टी. ऑफिसर
  डाटा एनालिस्ट
  टेक्निकल सपोर्ट इंजीनियर
  बिज़नेस एनालिस्ट
- ई-कॉमर्स एवं डिजिटल मार्केटिंग
  ई-कॉमर्स ऑपरेशन मैनेजर
  डिजिटल मार्केटिंग टेक्नोलॉजिस्ट
  वेबसाइट मैनेजर
  एसईओ/एसईएम विशेषज्ञ
- शिक्षा और प्रशिक्षण
  कंप्यूटर शिक्षक (स्कूल/कॉलेज)
  ऑनलाइन ट्यूटर
  आईटी ट्रेनर
  एड-टेक कंटेंट डेवलपर
- कंसल्टिंग और स्टार्टअप्स आईटी कंसल्टेंट
  प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर
  टेक्निकल सपोर्ट स्पेशलिस्ट
  प्रोडक्ट डेवलपमेंट मैनेजर

### यह इनकम संभव

- बी.सी.ए. स्नातकों की निजी क्षेत्र में प्रारंभिक आय लगभग 3 से 5 लाख वार्षिक होती है, जबकि अनुभव और विशेषज्ञता के साथ यह आय 10 से 20 लाख रुपये वार्षिक तक पहुंच सकती है।

## सरकारी क्षेत्र में करियर विकल्प

सरकारी क्षेत्र में भी बी.सी.ए. स्नातकों के लिए सम्मानजनक अवसर उपलब्ध हैं। यहाँ वे विभिन्न विभागों और संगठनों में तकनीकी एवं प्रशासनिक भूमिकाएँ निभा सकते हैं। निम्नलिखित प्रमुख उद्योग और उनके अंतर्गत पदनाम इस प्रकार हैं।

- प्रशासनिक सेवाएं
  भारतीय प्रशासनिक सेवा
  भारतीय पुलिस सेवा
  राज्य लोक सेवा आयोग के पद
- बैंकिंग क्षेत्र
  प्रोबेशनरी ऑफिसर
  आईटी ऑफिसर
  क्लर्कियल पद
- रक्षा एवं अनुसंधान संगठन
  डी.आर.डी.ओ. में
  वैज्ञानिक/तकनीकी पद
  इसरो में अनुसंधान पद
  राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र में
  आईटी पद
- शिक्षा और विश्वविद्यालय
  सरकारी कॉलेजों/विश्वविद्यालयों में
  सहायक प्रोफेसर
  कंप्यूटर प्रशिक्षक
  अनुसंधान सहायक
- रक्षा सेवाएं
  लेफ्टिनेंट
  आर्मी एजुकेशन कोर अफसर
  अकाउंट अफसर
  एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर
  लोजिस्टिक्स सप्लाई अफसर
  टेरीटोरियल आर्मी अफसर

### इनकम यह संभव

- सरकारी क्षेत्र में बी.सी.ए. स्नातक की प्रारंभिक आय लगभग 4 से 6 लाख रुपये वार्षिक होती है, जबकि उच्च पदों और अनुभव के साथ यह आय 12 से 15 लाख रुपये वार्षिक तक पहुंच सकती है।

---

# मतदान की शक्ति : सावधानी और जिम्मेदारी से चुनें भारत का भविष्य



मोटिवेशनल
डॉ. दिव्या तंवर

आज का समय बदलाव का समय है, और आप भारत के युवा और भविष्य के कर्णधार इस बदलाव की धुरी हैं। 2025 में, जब भारत एक बार फिर अपने लोकतांत्रिक उत्सव, यानी चुनावों की ओर बढ़ रहा है, आपके पास वह शक्ति है जो देश की दिशा और दशा को बदल सकती है। सावधानी से मतदान करना केवल आपका अधिकार नहीं, बल्कि एक ऐसी जिम्मेदारी है जो आपके सपनों के भारत को साकार कर सकती है। आइए, इस प्रेरणादायक यात्रा में शामिल हों और समझें कि आपका एक वोट कैसे शांतिपूर्ण क्रांति ला सकता है। भारत का लोकतंत्र दुनिया का सबसे जीवंत और शक्तिशाली लोकतंत्र है। यहाँ हर वोट एक कहानी लिखता है, जो देश के भविष्य को आकार देता है।

## छोटे से निशान से इतिहास रच सकते हैं

आप में से कई छात्र पहली बार मतदान करने जा रहे हैं, और यह एक ऐसा मौका है जहाँ आप एक छोटे से निशान से इतिहास रच सकते हैं। लेकिन यह निशान सावधानी और जागरूकता के साथ लगाना होगा। बिना सोचे-समझे किया गया मतदान आपके सपनों को अधूरा छोड़ सकता है, जबकि सही जानकारी और जिम्मेदारी के साथ दिया गया वोट एक समृद्ध, समावेशी और प्रगतिशील भारत का निर्माण कर सकता है। आपके वोट में वह ताकत है जो शिक्षा, रोजगार, पर्यावरण और सामाजिक समानता जैसे मुद्दों पर सकारात्मक बदलाव ला सकती है। यह वोट केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि आपके विश्वास और सपनों का प्रतीक है। यह वह हथियार है जिसने भारत को स्वतंत्रता दिलाई और आज भी इसे मजबूत बनाए रखता है। 2025 में, भारत के सामने कई अहम मुद्दे हैं बेरोजगारी, शिक्षा में सुधार, जलवायु परिवर्तन और सामाजिक न्याय। इन मुद्दों को हल करने के लिए हमें सही नेताओं और नीतियों को चुनना होगा। लेकिन सही चुनाव के लिए जागरूकता जरूरी है। सावधानी से मतदान का मतलब है। उम्मीदवारों के पिछले कार्यों, उनके वादों और उनकी विश्वसनीयता की जाँच करें। क्या वे आपके क्षेत्र की समस्याओं को समझते हैं? क्या उनकी योजनाएँ लंबे समय तक टिकाऊ हैं? वोट देते समय भावनाओं या प्रचार में न बहें। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और पर्यावरण जैसे मुद्दों पर उम्मीदवारों की नीतियों को समझें। आज के डिजिटल युग में, सोशल मीडिया जागरूकता फैलाने का सबसे शक्तिशाली माध्यम है। लेकिन अफवाहों और गलत सूचनाओं से बचें। सही जानकारी साझा करें और दूसरों को मतदान के लिए प्रेरित करें। अपने दोस्तों, परिवार और समुदाय को मतदान के महत्व के बारे में बताएं। एक जागरूक मतदाता समूह पूरे देश को बदल सकता है। भारत का इतिहास युवा शक्ति की गौरवगाथा से भरा पड़ा है। स्वतंत्रता संग्राम में भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस और लाखों युवा छात्रों ने अहिंसक और संगठित तरीके से देश को आजादी दिलाई। आज भी, 2020 के दशक में भारतीय युवा अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं। चाहे वह किसान आंदोलन हो, जहाँ युवाओं ने शांतिपूर्ण प्रदर्शनों के जरिए नीतिगत बदलाव लाए, या फ्राइडेजफॉरफ्यूचर अभियान, जिसमें छात्रों ने जलवायु परिवर्तन के खिलाफ जागरूकता फैलाई भारतीय युवा हर बार साबित करते हैं कि वे बदलाव के असली नायक हैं।

## डिजिटल युग में आप अधिक शक्तिशाली

आज, डिजिटल युग में, आप और भी शक्तिशाली हैं। **#MeToo**, **#SaveTheChildren** जैसे अभियानों ने दिखाया कि भारतीय युवा सोशल मीडिया के जरिए लाखों लोगों को जोड़ सकते हैं और सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। 2025 में, आपके पास मतदान के जरिए इस विरासत को और मजबूत करने का अवसर है। कल्पना करें, एक ऐसा भारत जहाँ हर बच्चे को बेहतर शिक्षा, हर युवा को रोजगार और हर नागरिक को सम्मान मिले। आपका वोट इस सपने को हकीकत में बदल सकता है।

**शांतिपूर्ण क्रांति का रास्ताः** आपका वोट भारत का लोकतंत्र हमें सिखाता है कि सच्चा बदलाव शांति और एकजुटता से आता है। महात्मा गांधी ने अहिंसा के जरिए दुनिया को दिखाया कि सही मकसद और संगठित प्रयास से कोई भी सत्ता झुक सकती है। आपका वोट उसी अहिंसक क्रांति का हिस्सा है। यह एक ऐसा हथियार है जो बिना किसी नुकसान के समाज को बेहतर बना सकता है। हर वोट एक कहानी है, और यह आप पर निर्भर है कि वह कहानी प्रगति, समानता और आशा की हो।

**उठें, जागें और वोट करें** : छात्र मित्रों, यह समय है अपने भविष्य को अपने हाथों में लेने का। 2025 का साल आपके लिए एक सुनहरा अवसर है एक ऐसा मौका, जहाँ आप सावधानी और जिम्मेदारी से मतदान कर अपने सपनों के भारत को साकार कर सकते हैं। अपने स्कूल, कॉलेज और मोहल्ले में जागरूकता फैलाएँ। अपने दोस्तों को बताएँ कि उनका वोट कितना कीमती है। सोशल मीडिया पर सकारात्मक अभियान चलाएँ, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग मतदान के लिए प्रेरित हों।

## सामान्य ज्ञान

**1.** हड़प्पा सभ्यता का सर्वाधिक मान्यता प्राप्त काल है।
(ए) 2800 ई. पू.-2000 ई. पू.
(बी) 2500 ई. पू. -1750 ई. पू.
(सी) 3500 ई. पू. -1800 ई. पू.
(डी) निश्चित नहीं हो सका है

**2.** सिंधु घाटी की सभ्यता निम्नलिखित में से किस सभ्यता के समकालीन नहीं थी ?
(ए) मिस्र की सभ्यता
(बी) मेसोपोटामिया की सभ्यता
(सी) चीन की सभ्यता
(डी) ग्रीक की सभ्यता

**3.** सिंधु घाटी की सभ्यता कहाँ तक विस्तृत थी?
(ए) पंजाब, दिल्ली और जम्मू-कश्मीर
(बी) राजस्थान, बिहार, बंगाल, उड़ीसा
(सी) पंजाब, राजस्थान, गुजरात, उड़ीसा और बंगाल
(डी) पंजाब, राजस्थान, गुजरात, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, सिंध और बलुचिस्तान

**4.** सिंधु घाटी की सभ्यता में घोड़े के अवशेष कहां मिले हैं ?
(ए) सुरकोटदा (बी) वणावली
(सी) लोथल (डी) कालीबंगा

**5.** सिंधु घाटी स्थल कालीबंगन किस प्रदेश में है ?
(ए) राजस्थान में (बी) गुजरात में
(सी) मध्य प्रदेश (डी) उत्तर प्रदेश

**6.** निम्नलिखित में से किस पदार्थ का उपयोग हड़प्पा काल की मुद्राओं के निर्माण में मुख्य रूप से किया गया था ?
(ए) सेलखड़ी (बी) कांसा
(सी) तांबा (डी) लोहा

**7.** हड़प्पा सभ्यता किस युग की थी ?
(ए) कांस्य युग (बी) नवपाषाण युग
(सी) पुरापाषाण युग (डी) लौह युग

**8.** सिंधु घाटी सभ्यता के लोगों का मुख्य व्यवसाय क्या था ?
(ए) व्यापार ( बी) पशुपालन
(सी) शिकार (डी) कृषि

**9.** हड़प्पा सभ्यता के निवासी थे
(ए) ग्रामीण
(बी) शहरी
(सी) यायावर / खानाबदोश
(डी) जनजातीय

**उत्तर** 1.(बी) 2.(डी) 3.(डी) 4.(ए) 5.(ए) 6.(ए) 7.(ए) 8. (ए) 9. (बी)

## मानव का सबसे बड़ा धर्म सेवा करना: सरजीत



**नारनौल।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला कोलियान में प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा पर्व के अंतर्गत अपने आसपास साफ सफाई अभियान चला कर आसपास के लोगों को जागरूक किया। जिसका शुभारंभ हैड टीचर सरजीत यादव ने किया। मंच संचालन प्रियंका यादव एजुकेशनल वालंटियर ने किया तथा बच्चों को अपने आसपास साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया। सरजीत यादव ने कहा कि अपने आसपास गंदगी के ढेर और गंदा पानी जमा होने से विभिन्न प्रकार के मक्खी मच्छर उत्पन्न हो जाते हैं। जिससे अनेकों प्रकार की बीमारियां हो जाती हैं। जिससे अपने आसपास सफाई रखकर ही बचा जा सकता है। बच्चों की बहुत रुचि देखने को मिली। इस मौके पर रेवती, सुरेश भाटिया, अशोक, निर्मला, नीतू, अर्जुन, पूनम, सुमन, सुनीता आदि मौजूद रहे।

*डीएसपी ने रोड सेफ्टी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता को लेकर बीईओ के साथ की बैठक*

# अक्टूबर में होगी रोड सेफ्टी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता सरकारी व गैर सरकारी सभी स्कूलों की रहेगी भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

पुलिस विभाग की ओर से अक्टूबरमाह में रोड सेफ्टी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाई जाएगी। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए शिक्षा जगत से जुड़े अधिकारियों के साथ शुक्रवार पंचायत भवन में बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता डीएसपी सुरेश कुमार ने की। बैठक में नारनौल बीईओ पवन भारद्वाज, कनीना बीईओ दिलबाग सिंह, कविंदर कुमार, नांगल चौधरी बीईओ सुनीता, चेतना, कृष्ण लाल, राकेश, संदीप कुमार, नरेंद्र कुमार



नारनौल। बैठक में मौजूद अधिकारी फोटो: हरिभूमि

और यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार मौजूद रहे।

सड़क सुरक्षा विषय पर बच्चों को जागरूक करने के लिए प्रत्येक वर्ष सभी स्कूलों, कॉलेजों में रोड सेफ्टी नियमों के बारे में प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। इस बारे में उप–पुलिस अधीक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि इस वर्ष भी अक्टूबर माह में रोड सेफ्टी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता जिले के सभी स्कूलों, कॉलेजों में आयोजित की जाएगी। इस बारे में शिक्षा अधिकारियों से भी अनुरोध किया गया कि जिला महेंद्रगढ़ के सभी स्कूलों के प्रधानाचार्यों, मुख्य अध्यापकों को भी निर्देश दें कि अधिक से अधिक विद्यार्थियों की इस प्रतियोगिता के लिए अच्छी तैयारी करवाई जाए और हिस्सा लेने के बारे में प्रोत्साहित किया जाए। बैठक में मौजूद प्राइवेट स्कूल स्टाफ से भी अनुरोध किया गया कि ज्यादा से ज्यादा से विद्यार्थियों को इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थी को इस प्रतियोगिता में भाग लें, विद्यार्थी यातायात नियमों के बारे में जानकारी

### अभिभावक भी इस मुहिम का बने हिस्सा

डीएसपी ने कहा कि बच्चों को जागरूक करने का मतलब समाज को जागरूक करना है। बच्चे प्रतियोगिता की भावना से जल्दी सीखते हैं। उन्होंने कहा कि हर साल सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौत का कारण सही प्रकार से वाहन न चलाना, तेज गति में वाहन चलाना, गलत दिशा/गलत लेन में वाहन चलाना, नशे में वाहन चलाना इत्यादि होता है। जीवन में सड़क सुरक्षा के महत्व और प्रत्येक पहलुओं को बारीकी से समझना होगा। रोड सेफ्टी क्विज कॉम्पिटीशन के माध्यम से युवाओं को गलत दिशा/गलत लेन में वाहन न चलाएं, तेज गति में वाहन ना चलाएं, नशे में वाहन ना चलाएं, इसके प्रति जागरूक किया जाएगा। साथ ही दोपहिया वाहन पर तीन लोग एक साथ न बैठें, बिना हेलमेट वाहन ना चलाएं, चौपहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाएं, प्रतियोगिता के माध्यम से यातायात के नियमों की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि अभिभावक भी इस मुहिम में भाग लें और बच्चों की सुरक्षा का ध्यान रखें।

## पौधा लगाकर देखभाल करना मानवता की सेवा

**नारनौल।** उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने कहा कि धरती को साफ-सुथरा व हराभरा रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। नागरिकों को इसके प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री के निर्देश पर सेवा पर्व मनाया जा रहा है। पौधा लगाकर उसकी देखभाल करना भी मानवता की सेवा है। डीसी शुक्रवार को लघु सचिवालय में सेवा पर्व के तहत पौधारोपण अभियान के शुभारंभ अवसर पर बोल रहे थे।

## डीसी ने लाभान्वित बच्चों से मुलाकात की

**नारनौल।** उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के तहत लाभान्वित बच्चों से मुलाकात की। इस योजना में उपायुक्त इन बच्चों के नामित अभिभावक होते हैं। उन्होंने इन बच्चों का हालचाल जाना तथा उन्हें मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। डीसी ने बताया कि यह योजना केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई है, जिसका उद्देश्य उन बच्चों की मदद करना है जिन्होंने कोविड-19 महामारी के दौरान अपने माता-पिता या कानूनी अभिभावकों को खो दिया।

### सेवा व सम्मान के अनूठे संगम के साथ मनाई महाराजा अग्रसेन जयंती

# महाराजा अग्रसेन सम्पूर्ण मानव जाति के पथ-प्रदर्शक : संदीप नूनीवाला

- अग्रसेन जयंती केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि त्याग, सहयोग और समरसता की सीख : एसएचओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

अग्रवाल वैश्य समाज जिला इकाई की ओर से पुलिस लाइन के सामने स्थानीय राजकीय प्राइमरी विद्यालय में महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में निःशुल्क जूते, जुराब, स्टेशनरी एवं खाद्य सामग्री वितरण के साथ-साथ शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यातिथि साइबर क्राइम एसएचओ सुरेन्द्र सिंह ने महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करके की। कार्यक्रम मे विशेष रूप से साइबर



नारनौल। स्टेशनरी वितरित करते मुख्यातिथि। फोटो: हरिभूमि

क्राइम थाना एमएससी राजवीर सिंह उपस्थित थे। मुख्यातिथि ने कहा कि महाराजा अग्रसेन के आदर्शों, उनके द्वारा स्थापित समाजवाद के सिद्धांत और एक ईंट और एक रुपया की नीति को याद करते हुए उन्होंने कहा कि आज के समय में समाज को मिलजुलकर आगे बढने की सबसे अधिक आवश्यकता है। शिक्षा व सामाजिक सेवा का संगम ही किसी भी समाज को मजबूत बनाता है।

अग्रवाल वैश्य समाज के जिलाध्यक्ष संदीप नूनीवाला ने कहा कि कि उनकी टीम की परम्परा रही है कि महाराजा अग्रसेन जयंती केवल औपचारिक उत्सव तक सीमित न रहें तथा समाजोपयोगी कार्यों के माध्यम से अपने महाराजा अग्रसेन की आदर्श शिक्षाओं को मूर्त रूप प्रदान किया जाए। अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश युवा वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवी गर्ग मोनू ने कहा कि महाराजा अग्रसेन केवल वैश्य समाज के ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण मानव जाति के पथ-प्रदर्शक थे। उन्होंने समानता, दान, सहयोग और सेवा की ऐसी मिसाल पेश की, जो आज भी सामाजिक एकता के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनकी स्मृति में समाज ने यह ठाना है कि इस जयंती को केवल धार्मिक या औपचारिक तरीके से न मनाकर, इसे जरूरतमंदों की सेवा और शिक्षकों के सम्मान के साथ जोडऩा ही सच्ची श्रद्धांजलि है।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर अध्यापिका सविता कुमारी, सुनीता यादव, कार्यक्रम संयोजक सुमित अग्रवाल, रवि गर्ग मोनू ,मुकेश जैन, जिला युवा अध्यक्ष चिराग अग्रवाल, जिला महिला अध्यक्ष पूनम गोयल, जिला उपाध्यक्ष तुलसी गोयल, महेंद्र बंसल, एडवोकेट राजकुमार चौधरी, अशोक कंछल, संजय मित्तल, संजय गोयल, सुभाष चौधरी, उमेश मित्तल, यश बंसल, निखिल जैन, धर्मेंद्र सिंघल, सुरेंद्र जैन, जिला उपाध्यक्ष मधु गोयल, नीता गुप्ता, रचना अग्रवाल, जिला महासचिव सुनीता गोयल, रेखा सिंघल, बबली जैन, मीरा चौधरी आदि उपस्थित थे।



महेंद्रगढ़। भ्रमण करते यदुवंशी कॉलेज के विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

## यदुवंशी के छात्रों ने किया 12वें भारतीय औद्योगिक मेले का शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

भ्रमण यदुवंशी कॉलेज के विद्यार्थियों ने भिवाड़ी राजस्थान के अरावली विहार एग्जिबिशन ग्राउंड में आयोजित 12वीं भारतीय औद्योगिक मील का शैक्षणिक भ्रमण किया। यदुवंशी कॉलेज की विद्यार्थियों ने मेले में विभिन्न स्टॉल और प्रदर्शित नई तकनीक का अवलोकन किया। उन्होंने उद्योग जगत में हो रहे आधुनिक बदलाव, नई मशीनरी, स्टार्टअप, इनोवेशन और औद्योगिक विकास के पहलुओं को नजदीक से देखा। संस्था अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने बताया कि यदुवंशी कॉलेज के विद्यार्थियों को भारतीय औद्योगिक मेले में भ्रमण कराने का मुख्य उद्देश्य शिक्षा और उद्योग जगत के बीच में जो अंतर को समझाना। वाइस चेयरमैन एडवोकेट करण सिंह, चेयरपर्सन संगीता यादव, फाउंडर डायरेक्टर राजेंद्र यादव, ग्रुप डायरेक्टर विजय सिंह यादव, डॉ. प्रदीप यादव व प्राचार्य बबरूभान ने बताया कि आज की दुनिया में शिक्षा और उद्योग का गहरा संबंध है, जब तक विद्यार्थी ज्ञान के साथ-साथ उद्योग जगत की वास्तविकता को न समझे, तब तक वह पूर्ण शिक्षा प्राप्त नहीं कर सकते।

### प्रतिबद्ध

*इस प्रकार के औद्योगिक मेले में विद्यार्थियों के अंदर नव विचार, उद्यमिता और कैरियर निर्माण की भावना को जागृत करते हैं। यदुवंशी कॉलेज लगातार ऐसे अवसर अपने विद्यार्थियों को प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।*

# आरपीएस में हुआ सीनियर विंग का अलंकरण समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

आरपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल खातोद में सीनियर विंग में कक्षा 11वीं और 12वीं के लिए अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव मुख्यातिथि रही, विशिष्ट अतिथी इंजीनियर मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुनाल राव व अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. किशोरी तिवारी ने की। इस दौरान सभी विभागाध्यक्ष और अन्य विशिष्ट अतिथि उपस्थिति रहे। चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का बड़ा महत्व होता है। अनुशासन में रहकर बच्चे अपने लक्ष्य के लिए प्रयास करें तो सफलता की राह आसान हो जाती है। इसलिए सभी विद्यार्थी जीवन के लक्ष्य को पाने के लिए अनुशासन का पालन करें। सीईओ इंजी. मनीष राव ने कहा कि आरपीएस विद्यार्थियों के सर्वांगींण



महेंद्रगढ़। विद्याथी शपत लेते हुए। फोटो: हरिभूमि

विकास को लेकर कृतसंकल्पित है। प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ समाज व सोसायटी के साथ जुड़ाव रखते हुए अपने जीवन के मार्ग को सुगम बनाने के लिए प्रेरित किया। समारोह का समापन प्रेरक भाषणों के साथ हुआ जिनमें छात्रों को ईमानदारी, जिम्मेदारी और उत्कृष्टता के साथ नेतृत्व करने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर उपप्राचार्य दिनेश कुमार, डीन एलएन गौड़, सीनियर विंग हैड देवेन्द्र पुनिया, विंग हैड जिले सिंह, अमित कुमार, पवन तिवारी, साक्षी मलिक, अनिता अहलात उपस्थित रहे।

### इनको मिली जिम्मेदारी

विद्यार्थी परिषद पदाधिकारी में हेड गर्ल ख्याति सिंह, हेड बॉय भविष्य, सांस्कृतिक प्रमुख कशिश, अनुशासन प्रमुख सारिका टोकस, खेल प्रमुख सचिन, हाउस कैप्टन और उप-कप्तान में एपीजे अब्दुल कलाम हाउस से कप्तान मुस्कान और अयान , उप-कप्तान मारवी और आदित्य, एस. रामानुजन हाउस से कप्तान नीलाक्षी और ऋषभ, उप-कप्तान नीताक्षी और जयवंत, कल्पना चावला हाउस से कप्तान सोनिका और साहिल, उप-कप्तान गरिमा और शुभम, मदर टेरेसा हाउस से कप्तान दीया और लकी, उप-कप्तान दिव्या और विपुल, नवनियुक्त कोर कमेटी सदस्य के लिए चेतना, इशिका, हर्षिता, यशस्वी, वरुण, आर्यन और तनिष्का का चयन किया गया।

## हरियाणा प्रदेश समिति के जिला सह-संयोजक बने दीपांकन

**नारनौल।** नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफार्म प्रदेश समिति में भाजपा युवा कार्यकर्ता दीपांकन गुप्ता (एडवोकेट) पौत्र स्व. लाला ओमप्रकाश गुप्ता को जिला सह-संयोजक बनाया गया है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, प्रदेश के मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी, राज्यसभा सांसद एवं नेक्स्ट जेन जीएसटी रिफार्म प्रदेश समिति की प्रमुख किरण चौधरी, सांसद धर्मवीर सिंह, नारनौल विधानसभा के विधायक ओमप्रकाश यादव, जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव एवं प्रदेश भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।



# ऐतिहासिक धरोहरों का जीर्णोद्धार दुष्यंत चौटाला की दूरदर्शी सोच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जननायक जनता पार्टी के जिला प्रवक्ता विजय छिलरो ने कहा कि जब पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला राज्य सरकार में साझेदार थे, उस दौरान उनके पास लोक निर्माण विभाग और पुरातत्व विभाग का प्रभार था। इस दौरान उन्होंने नारनौल शहर की ऐतिहासिक और जर्जर हो चुकी इमारतों बीरबल का छत्ता, चोर गुंबद, बावड़ी व पीर तुर्कमान का वर्ष 2021 में दौरा किया। इन इमारतों की दयनीय स्थिति को देखकर दुष्यंत चौटाला ने संबंधित विभागों के उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की तथा पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को इन स्मारकों के संरक्षण हेतु तत्काल बजट एस्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने तेजी से कार्रवाई करते हुए इन स्मारकों के लिए बजट प्रस्ताव तैयार किए और उन्हें स्वीकृत भी कराया।

वहीं नगर पार्षद संदीप भाखर ने बताया कि जब-जब दुष्यंत चौटाला नारनौल दौरे पर आए थे उन्होंने इन इमारतों का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उनकी दूरदर्शी सोच और तत्परता के चलते आज यह ऐतिहासिक इमारतें पुनः संजीवनी प्राप्त कर रही हैं तथा जनता को समर्पित की जा रही हैं। विजय छिलरो ने कहा कि यह कार्य न केवल सांस्कृतिक विरासत को संजोने का प्रयास है, बल्कि पर्यटन को बढ़ावा देने और स्थानीय पहचान को पुनः स्थापित करने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है।

### पूर्व उप मुख्यमंत्री का श्रेय ले रहे है मंत्री

*जिला प्रवक्ता विजय छिलरो ने बताया कि गत दिवस सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डा. अरविंद शर्मा ने जो जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण की परियोजना का शुभारंभ किया था। उसकी किश्त पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के समय स्वीकृत हो चुकी थी तथा उससे जीर्णोद्धार का कार्य चल रहा है। इसलिए सरकार व मंत्री इसका श्रेय लेने की बजाय दुष्यंत चौटाला की दूरगामी सोच को अपनाए तथा जो कार्य पूर्व मुख्यमंत्री के समय में घोषित हुई थी उसे सरकार तय समय में पूरा करें। जिलाध्यक्ष राजकुमार खातोद ने सरकार से मांग की है कि उक्त कार्यों का समय रहते काम पूरा किया जाए। ऐतिहासिक इमारकों का कार्य पूरा करके जनता का समर्पित किए जाए।*

## विशेषज्ञ डॉक्टरों ने निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की

**मंडी अटेली।** स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का पखवाड़ा के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य अस्पताल में शुक्रवार को मेगा कैंप आयोजित किया गया। मेगा कैंप में साढ़े 450 के करीब मरीजों ने अपना पंजीकरण करवा कर विभिन्न तरह की जांच करवाई। कैंप का शुभारंभ अटेली नपा चेयरमैन संजय गोयल एवं अस्पताल के इंचार्ज डा. विजय यादव ने किया। डिप्टी सीएमओ डा. जगमोहन ने मेगा कैंप का दौरा कर आवश्यक जानकारी ली।

डा. विजय ने बताया कि 19 सितंबर से दो अक्टूबर तक विशेष रूप से मनाया जा रहा है। इस दौरान क्षेत्र के सभी प्राथमिक व उप स्वास्थ्य केन्द्रों पर महिलाओं और बच्चों के लिए स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर में एनसीडी, टीबी, एनीमिया की जांच, प्रतिरक्षा सेवाएं, माहवारी के दौरान साफ-सफाई और पोषण संबंधी परामर्श भी दिया गया। अभियान के अंतर्गत आज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अटेली में बड़ा स्वास्थ्य कैंप लगाया है।

### जन प्रतिधियों ने दी बधाई, बच्चों का बढ़ाया हौसला

# खंड स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में छा गए दौंगड़ा अहीर स्कूल के प्रतिभागी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कनीना में आयोजित खंड स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दौंगड़ा अहीर के प्रतिभागियों ने बेहतर प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्राचार्य अमर सिंह निमहोरिया ने बताया कि अलग-अलग चार प्रतियोगिताओं में दो में प्रथम, एक में द्वितीय और एक में तृतीय स्थान प्राप्त करके विद्यालय का गौरव बढ़ाया। प्राचार्य ने कहा कि दौंगड़ा अहीर विद्यालय ने कक्षा नौंवी से 12वीं वर्ग में मुस्कान और उसकी टीम ने डांस ग्रुप में पूरे खंड में प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि इमरान ने इसी ग्रुप में रागिनी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा छह



नारनौल । कार्यक्रम में भाग लेते हुए अध्यापक। *फोटो: हरिभूमि*

से आठ वर्ग में छात्रा गुंजन ने सोलो डांस में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

इसके साथ कक्षा नौंवी से 12वीं वर्ग में छात्रा कशीश ने सोलो डांस में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन प्रतियोगिताओं में ग्रुप डांस में अंजलि, खुशी, लक्की, क्वीन, पूजा, अंतिमा, आशु, प्रिया, भारती और अंजलि, संध्या और तनु के सोंग पर छात्राओं ने समा बांध दिया। प्राचार्य निमहोरिया ने कहा कि बच्चों के मार्गदर्शन और तैयार करने में प्रवक्ता नीरज शर्मा, रेणु यादव, कैलाश यादव, राजकौर यादव, कला अध्यापक रामगोपाल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस शानदार उपलब्धि पर दिलबाग सिंह खंड शिक्षा अधिकारी कनीना, नोडल अधिकारी राजकुमार, प्राचार्य नरेश कौशिक, सुप्रीटेंडेंट ओमप्रकाश शर्मा, बाबू पंकज यादव, ग्राम सरपंच सुनीता यादव, सरपंच प्रतिनिधि बबरू भान बोहरा, पंचायत समिति चैयरमेन प्रतिनिधि राजकुमार यादव, महाशय भरत सिंह, आर्य सभा के प्रधान रघुबीर सिंह, एसएमसी प्रधान रमेश कुमार, अशोक यादव, पूर्व प्रधान रामानंद यादव, प्रवक्ता देवव्रत, पवन जांगड़ा, सुरेन्द्र यादव, अजय यादव, अशोक कुमार जांगिड, नरेन्द्र यादव, सुनीता यादव, मंजू कुमारी, मीना कुमारी, महिपाल गौरा, मधु कुमारी मरोड़िया, डीपीई करण सिंह, बाबू रूपेश यादव, मनोज कुमारी, विकास, लक्ष्मी देवी, विक्रम ने विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी।

## अटेली में खोखे व दुकानें तोड़कर छीना रोजगार

**मंडी अटेली।** अटेली कस्बे में नए बस स्टैंड एवं अनाज मंडी गेट के समीप 30 साल पुराने खोखों एवं दुकानों को हटाए जाने पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महेंद्र सिंह रातां ने बताया कि भाजपा सरकार ने अटेली में खोखे व दुकानें तोड़कर मेहनतकश दुकानदारों से रोजगार छीन लिया है, जिससे खोखे में दुकान चलाने वाले मेहनती लोगों के बच्चों दिक्कत का सामना करना पड़ गया है। गरीबों की दुकानों को तोड़ना बहुत ही निंदनीय है। किसी की भी दुकान को तोड़ने से पहले उसको कम से कम एक माह का समय दिया जाना चाहिए। भाजपा क्या चाहती है, क्या अटेली क्षेत्र के लोग बेरोजगार हो जाएं, उनकी दुकानें टूटें और वे सड़कों पर आ जाएं। कांग्रेस पार्टी अटेली के हर दुकानदार, व्यापारी के साथ मजबूती से खड़ी है। हर मोर्चे पर इनका साथ देंगी। वहीं भाजपा संविधान और गरीब विरोधी पार्टी बन गई है।





कनीना। विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

## आरआरसीएम के विद्यार्थियों ने कुश्ती में किया नाम रोशन

**कनीना।** आरआरसीएम पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने हाल ही में राज्य स्तर पर आयोजित अंडर 19 ग्रीको स्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्रतिभाशाली खिलाड़ी प्रतीक कुमार (77 किग्रा, ग्रीको वर्ग) ने कड़ा संघर्ष करते हुए रजत पदक (द्वितीय स्थान) प्राप्त किया। वहीं विद्यालय के ही एक अन्य होनहार पहलवान शिवम चौहान (70 किग्रा वर्ग) ने उत्कृष्ट खेल कौशल का परिचय देते हुए कांस्य पदक (तृतीय स्थान) जीता। विद्यालय में दोनों खिलाड़ियों का स्वागत किया गया। चेयरमैन रोशनलाल यादव ने कहा कि खेल व्यक्ति के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। हमारे विद्यार्थियों ने यह सिद्ध कर दिया है कि लग्न, अनुशासन और मेहनत से हर मंजिल प्राप्त की जा सकती है। प्रधानाचार्य हरिप्रकाश शर्मा ने कहा खेल केवल जीतहार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह जीवन जीने का सलीका और आत्मविश्वास सिखाते हैं। हमारे छात्र लगातार खेल क्षेत्र में विद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे हैं, यह गर्व की बात है।

**PUBIC NOTICE**

I, Kusum Lata W/o Hemant Kumar R/o 34/5, Raj Sadan Shiv Colony Narnaul, Mahendergarh (HR) in my share certificates my name is Kusum Nirmal and in my all documents my name is Kusum Lata. Kusum Lata and Kusum Nirmal both are same and one person.

दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना

# 25 सितंबर से शुरू होगे पंजीकरण, गांव स्तर पर लगाए जाएंगे कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा सरकार की महिला सशक्तिकरण के लिए महत्वपूर्ण दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना की 25 सितंबर से भव्य तरीके से शुरुआत होगी। इसके लिए बड़े स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने अधिकारियों की बैठक ली। इससे पहले सेवा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुपमा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कार्यक्रम की रुपरेखा बताईं। वहीं गुरुग्राम मंडल के आयुक्त आरसी बिढान ने भी डीसी के साथ इसी विषय पर वीसी के जरिए दिया निर्देश दिए। उपायुक्त ने बताया कि 25 सितंबर से ऐप लॉन्च होने के साथ ही पात्र महिलाओं के लिए पंजीकरण प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी। इस योजना के तहत सरकार जिला, उप-मंडल, खंड और ग्राम स्तर पर शिविर लगाकर ऐप के माध्यम से पंजीकरण कराया जाएगा। पात्र लड़कियों व महिलाओं को 2100 रुपए प्रति माह सहायता दी जाएगी। इस मौके एडीसी उदय सिंह व जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा आदि मौजूद थे।

**खास बातें**
- लाभार्थी को 2100 रुपए प्रति माह मिलेगी सहायता
- एसीएस सेवा जी अनुपमा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बताई रुपरेखा

## प्रशासन जिला से लेकर ग्राम स्तर तक लगाएगा कैंप

### योजना के लिए कौन होंगी पात्र

इस योजना के तहत लाभ के लिए पात्र होने के लिए महिला की आयु 23 वर्ष या उससे अधिक हो। उसके परिवार की सत्यापित वार्षिक आय एक लाख से अधिक न हो। वह स्वयं या उसके पति (यदि वह दूसरे राज्य से हरियाणा में विवाहित हुई है) आवेदन के समय पिछले 15 वर्षों से हरियाणा के निवासी हों।
एक परिवार में कितनी भी पात्र महिलाएं इस योजना का लाभ उठा सकती हैं। हालांकि, यदि कोई महिला पहले से ही कुछ सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत वित्तीय सहायता प्राप्त कर रही है, तो वह इस योजना के लिए पात्र नहीं होगी।



नारनौल। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान मौजूद डीसी। फोटो: हरिभूमि

### पंजीकरण प्रक्रिया

पंजीकरण डीडीएलएलवाई मोबाइल ऐप के माध्यम से किया जाएगा। इसे गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉइड के लिए) और ऐप स्टोर (आईओएस के लिए) से डाउनलोड किया जा सकता है। आवेदन के लिए आधार से जुड़ा एक सक्रिय मोबाइल नंबर और एक कार्यात्मक कैमरा वाला मोबाइल फोन आवश्यक होगा। ऐप में लॉग इन करने के लिए मोबाइल नंबर पर वन-टाइम पासवर्ड (ओटीपी) आएगा।

### कागजात नहीं होने पर हेल्पडेस्क ले सहायता

अगर किसी महिला के पास पंजीकरण के समय कुछ दस्तावेज़ नहीं हैं, तो वे मार्गदर्शन के लिए हेल्प डेस्क पर जा सकती हैं। ऐप में एक ऐसी सुविधा भी है जो ज़रूरी दस्तावेज या प्रमाणपत्र के लिए आवेदन करने हेतु संबंधित पोर्टल पर रीडायरेक्ट करेगी। आवेदन जमा करने के बाद आवेदक को एक पंजीकरण आईडी प्राप्त होगी, जो एसएमएस और वाटसऐप के माध्यम से उनके मोबाइल नंबर पर भेजी जाएगी। आवेदकों को उनकी पात्रता की स्थिति के बारे में 15 दिनों के भीतर सूचित किया जाएगा।

### पंजीकरण के लिए आवश्यक दस्तावेज़ और जानकारी

- हरियाणा निवास प्रमाण पत्र
- आधार आईडी (स्वयं और सभी परिवार के सदस्यों की)
- यदि विवाहित हैं, तो ससुराल पक्ष के सभी सदस्यों की आधार आईडी
- बिजली कनेक्शन नंबर
- एचकेआरएन नंबर (यदि बेरोजगार हैं और एचकेआरएन में पंजीकृत हैं)
- आपके/परिवार के सदस्यों के स्वामित्व वाले सभी वाहनों का पंजीकरण नंबर
- स्वयं के नाम का एक सक्रिय बैंक खाता
- लाइव फोटो जो ऐप के माध्यम से लिया जाएगा

## खबर संक्षेप

### यादव सभा को 63 हजार रुपये किए दान

**महेंद्रगढ़।** गांव जासावास निवासी एएसआई बाबूलाल यादव एवं एडवोकेट राजकुमार यादव ने अपने पिता भूरूराम एवं चाचा हवलदार गब्धूराम की याद में यादव सभा में एक कमरे के निर्माण के लिए 63 हजार रुपये का दान दिया। यादव सभा द्वारा उन्हें फूल-माला पहनाकर सम्मानित किया गया। प्रधान एडवोकेट अभयराम यादव ने कहा कि यह दान समाज के लिए एक महत्वपूर्ण योगदान है। एएसआई बाबूलाल यादव एवं एडवोकेट राजकुमार यादव का यह योगदान समाज के लिए प्रेरणादायक उदाहरण है। इस मौके पर डीपीई महावीर लावन, रोहताश यादव, जगदीश पायगा, एडवोकेट दिनेश यादव, कप्तान राजेंद्र यादव आदि मौजूद थे।

### एडवांस योगा ग्रुप का योग शिविर शुरू

**नारनौल।** एडवांस योगा ग्रुप द्वारा शुक्रवार से प्रातः 5:30 बजे नेताजी सुभाष चंद्र पार्क मे योगा शिविर लगाया जा रहा है। प्रचारक दीपक सर्राफ ने बताया कि नियमित निःशुल्क योग शिविर के अंदर आज शिक्षिका चेतना निर्मल ने शिविर की शुरुआत सनातन मंत्रो के साथ की। इसके बाद उन्होंने योगिग, जॉगिंग, सूर्य नमस्कार, भुजग आसन, त्रिकोणासन और विभिन्न तरह के आसन, प्राणायाम करवाए। प्रचारक दीपक सर्राफ ने सभी शहरवासियों को योग के साथ जुड़ने की अपील करते हुए कहां की योग से जुड़कर हम अपने शरीर को निरोगी बनाए रख सकते हैं, इसलिए वे सभी नेताजी सुभाष पार्क में प्रातः 5:30 बजे आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर में अवश्य भाग ले।

### आमसभा में जयवीर यादव का किया सम्मान

**नारनौल।** जिला बार एसोसिएशन की आमसभा शुक्रवार जिला न्यायालय परिसर स्थित बार रूम में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान संतोख सिंह यादव ने की। संचालन सचिव प्रदीप यादव ने किया। मंच पर कार्यकारिणी सदस्यगण भी मौजूद रहे, जिनमें उप प्रधान विकाश सांगवान, सह सचिव चंद्र देव, कोषाध्यक्ष सुगन सिंह, लेखा परीक्षक कार्तिक यादव और पुस्तकालयाध्यक्ष प्रमिंद्र यादव सम्मिलित थे। सभा के दौरान पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल सदस्य एवं पूर्व चेयरमैन जयवीर यादव बार रूम पहुंचे। जिला बार एसोसिएशन के प्रधान संतोख सिंह यादव ने उनका स्वागत एवं सम्मानित किया।

## जिला प्रशासन हुआ सख्त

# क्रेशर संचालकों ने धोलेड़ा पंचायत की जमीन पर बनाया रास्ता

बीडीपीओ के नेतृत्व में विभागीय अधिकारियों ने जेसीबी से खुदवाकर रास्तों को किया बंद, दोबारा खोलने पर कार्रवाई का दिया अल्टीमेटम


निजामपुर। पंचायती रास्ते को बद कराते अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ निजामपुर

क्रेशर संचालकों ने धोलेड़ा पंचायत की जमीन पर हरे पेड़ों की कटाई करके रास्ता तैयार कर लिया। जहां पत्थरों से लोड डंपर आवागमन करते हैं। पंचायत की शिकायत मिलने पर जिला उपायुक्त ने कड़ा संज्ञान लेते हुए विभागीय अधिकारियों को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। वीरवार की देर शाम क्रशर जोन पहुंचे बीडीपीओ इशान शर्मा ने जेसीबी की मदद से अवैध रास्ते को बंद कराया तथा दोबारा खोलने पर केस दर्ज करने का अल्टीमेटम दिया है।

बता दें कि धोलेड़ा पंचायत ने पहाड़ के नजदीक जमीन को पौधारोपण करने के लिए वन विभाग के अधिकृत किया था। विभाग ने हजारों पौधे लगाकर पर्यावरण को स्वच्छ करने की मुहिम भी चलाई थी। लेकिन इसी दौरान बखरीजा, मेघोत बींजा, बिगोपुर की सीमा के साथ लगते रकबे पर क्रेशर जोन स्थापित हो गया। प्रशासनिक औपचारिकताएं पूरी करके जोन में सैकड़ो क्रेशर संचालित हो गए। लेकिन रोड़ी की सप्लाई गुरुग्राम, दिल्ली, फरीदाबाद भेजने के लिए धोलेड़ा-नारनौल रोड़ इस्तेमाल करना होता है।

इसलिए संचालकों ने जोन के साथ लगती धोलेड़ा पंचायत की जमीन को तोड़कर अवैध रास्ता निर्माण करवा लिया। रूकावट बनने वाले हजारों पेड़ों को रातोंरात काटकर खुर्द बुर्द कर दिया। पंचायत स्तर पर क्रशर संचालकों को पौधों व प्रोपर्टी के नुकसान से अवगत कराया। लेकिन उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों को कोई सकारात्मक जबाब नहीं दिया। इसके बाद पंचायत प्रतिनिधियों ने विभागीय अधिकारियों को स्थिति से अवगत कराया। लेकिन क्रशर संचालक अपनी तानाशाही पर अड़े रहे। शिकायत मिलने पर जिला उपायुक्त ने बीडीपीओं को पंचायती जमीन को कब्जा मुक्त कराने के निर्देश दिए थे।

बीडीपीओ ने सभी क्रशर संचालकों को प्रशासनिक कार्रवाई की सूचना दी तथा देर शाम को जेसीबी की मदद से अवैध रूप से तैयार रास्ते को खुदवा दिया गया। कार्रवाई के दौरान मौके पर पंचायत प्रतिनिधि और विभागीय अधिकारी मौके पर रहे हैं।

### पैमाइश रिपोर्ट के आधार पर बंद कराया रास्ता

धोलेड़ा के सरपंच देवेंद्र कुमार ने बताया कि क्रशर जोन के साथ लगती धोलेड़ा पंचायत की जमीन पर क्रशर संचालकों ने अवैध रूप से रास्ते का निर्माण करवा लिया। जिसमें फोरेस्ट विभाग द्वारा लगाए गए हरे पेड़ों को नुकसान हुआ है। जमीन की पैमाइश कराने के बाद अवैध रास्ते की शिकायत बीडीपीओ कार्यालय में दर्ज कराई गई थी। बीडीपीओ ने रास्ते को बंद करवा दिया है। उन्होंने बताया कि पंचायत की प्रोपर्टी को किसी भी सूरत में नुकसान नहीं होने दूंगा।

# शिकायतों का प्रभावी समाधान सुनिश्चित करें अधिकारी : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल


नारनौल। अधिकारियों की बैठक लेते डीसी। फोटो: हरिभूमि

उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने शुक्रवार को लघु सचिवालय में समाधान शिविरों की समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि समाधान शिविरों में आने वाली शिकायतों का तुरंत और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने कहा कि समाधान शिविर नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निवारण करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है।

उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि कोई भी शिकायत लंबे समय तक लंबित नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा भी इस संबंध में समीक्षा की जा रही है। ऐसे में अधिकारी इस कार्य को पूरी गंभीरता से लें।

उन्होंने निर्देश दिए कि अधिकारी हर समस्या को पहले अच्छी तरह से समझें, उसके बाद मौके का मुआयना कर समाधान सुनिश्चित करें। कैप्टन मनोज कुमार ने अधिकारियों को बताया कि यदि समाधान शिविर के दौरान कोई सार्वजनिक मांग सामने आती है, तो उसे भी प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का प्रयास किया जाना चाहिए। इसके लिए सरकार को अलग से प्रस्ताव बनाकर भेजा जा सकता है।

# राजकीय महिला कॉलेज अटेली में मेगा कैंप 26 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

- सीजेएम नीलम कुमारी ने अधिकारियों के साथ बनाई रूपरेखा
- विभाग स्टाल लगाकर आम नागरिकों को देंगे योजनाओं व सेवाओं का लाभ

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आगामी 26 सितंबर को राजकीय महिला कॉलेज अटेली में आम नागरिकों को सरकार की विभिन्न प्रकार की योजनाएं व सेवाएं मुहैया करवाने के लिए मेगा कैंप का आयोजन किया जाएगा। सीजेएम नीलम कुमारी ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि 26 सितंबर को लगने वाले इस मेगा कैंप में सभी विभागों की सेवाओं व योजना के लिए राजकीय महिला कॉलेज अटेली में स्टाल लगाई जाएंगी। स्टॉलों पर आम नागरिकों को मौके पर ही ड्राइविंग लाइसेंस व पंजीकरण, आधार कार्ड, किसी भी प्रकार का प्रमाण पत्र, सरकार के विभिन्न विभागों की पेंशन योजना सहित विभिन्न योजना व सेवा देने के लिए अधिकारी व कर्मचारी बैठेंगे। इस मौके पर डीएफओ बिजेंद्र सिंह, नांगल चौधरी के एसडीएम एवं जिला परिषद के सीईओ उदय सिंह, नगराधीश डा. मंगलसेन, सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार, डीएसपी सुरेश कुमार आदि मौजूद थे।


नारनौल। अधिकारियों की बैठक लेती सीजेएम नीलम कुमारी।

### इन विभागों द्वारा लगाए जाएंगे स्टॉल

सीजेएम नीलम कुमारी ने बताया कि इस मेगा कैंप में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय, डीआरडीए, पुलिस विभाग, एसडीएम कार्यालय, स्वास्थ्य विभाग, जिला शिक्षा विभाग, जिला विकास एवं पंचायत विभाग, डीआईओ कार्यालय, जिला समाज अधिकारी कार्यालय, जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय, जिला महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय, रेडक्रॉस समिति, जिला वन अधिकारी कार्यालय, कृषि विभाग, लीड बैंक मैनेजर व पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार संस्थान नसीबपुर की ओर से स्टॉल लगाए जाएंगे।

# डासफी व एनएसयूआई ने पीएचडी दाखिले को लेकर की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

- उपकुलपति को मांगों का ज्ञापन सौंपा

डॉ. भीमराव आंबेडकर स्टूडेंट फ्रंट ऑफ इंडिया के डासफी और एनएसयूआई ने हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के उप वाइस चांसलर एवं कुलसचिव से पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित मुद्दों पर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मांगों को लेकर एक ज्ञापन भी सौंपा। इस मुलाकात में छात्र संगठनों ने स्पष्ट रूप से यह मांग रखी कि पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। विशेष रूप से सभी विभागों द्वारा जारी कॉल फॉर इंटरव्यू सूची एवं मेरिट लिस्ट में अभ्यर्थियों की श्रेणी का स्पष्ट उल्लेख किया जाए, ताकि निष्पक्षता बनी रहे। छात्र संगठनों ने इस बार ऑर्डिनेंस में जोड़े गए नए प्रावधान एक सीट पर जेआरएफ के अलावा पांच अभ्यर्थियों को बुलाने का नियम का विरोध किया और कहा कि यह नियम विद्यार्थियों के अधिकारों का सरासर उल्लंघन करता है तथा नीट और पीएचडी अभ्यर्थियों के महत्व को समाप्त कर देता है। उन्होंने स्मरण कराया कि जनवरी 2025 में भी लगभग 20 सीटें एससी, एसटी व ओबीसी एनएफसी घोषित होने पर छात्रों ने विरोध दर्ज कराया था और पारदर्शिता की मांग की थी। उस समय भी प्रशासन ने सुधार का आश्वासन दिया था, किंतु इस बार की प्रवेश प्रक्रिया में वही समस्या पुनः परिलक्षित हो रही हैं। इस दौरान उप वाइस चांसलर एवं रजिस्ट्रार ने विद्यार्थियों की चिंता को गंभीरता से सुना और पारदर्शिता बनाए रखने तथा नए प्रावधान पर पुनः विचार करने का आश्वासन दिया।


महेंद्रगढ़। उपकुलपति को ज्ञापन सौंपते हुए।


कनीना। शिविर में जमीन सम्बंधी केसों का निपटान करते नायब तहसीलदार व उनकी टीम। फोटो: हरिभूमि

### शिविर में जमीन से जुड़े 165 केस निपटाए

**कनीना।** आमजन की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रशासनिक अधिकारी पूरी तरह से तैयार हैं। जन सेवा पखवाड़े के चलते विभिन्न गतिविधि आयोजित कर जनता की सेवा की जा रही है। यह विचार एसडीएम डॉ. जितेंद्र सिंह अहलावत ने गांव भोजावास में आयोजित एक दिवसीय सेवा शिविर का शुभारंभ करते हुए व्यक्त किए। इस शिविर में दर्जनभर से अधिक गावों के ग्रामीण अपनी समस्याओं का समाधान करवाने के लिए आए हुए थे। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाडे के तहत आगामी दो अक्टूबर तक इस प्रकार के कार्य जारी रहेगें। डॉ. भीमराव अम्बेडकर भवन में आयोजित इस शिविर में भू-राजस्व विभाग की ओर से नायब तहसीलदार दलबीर सिंह दुग्गल, कानूनगो राज सिंह, पटवारी शमशेर सिंह, अशोक कुमार, विक्रम सिंह, मनोज कुमार की टीम ने जमीन इंतकाल के 165 केस निपटाए गए। इसके अलावा उन्होंने साफ-सफाई तथा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। बीडीपीओ, ग्राम सचिव व सरपंच ने साफ-सफाई करवाने का आश्वासन दिया। नायब तहसीलदार दलबीर सिंह दुग्गल ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की ओर से आयोजित सेवा पखवाड़े के अंतर्गत जनहित के कार्य प्राथमिकता व तेजी के साथ किए जा रहे है।

# राजकीय बाबा खेतानाथ पॉलिटेक्निक में लगाया शिविर, 41 यूनिट रक्त एकत्रित

- सेवा पखवाड़ा के तहत राजकीय पॉलिटेक्निक में रक्तदान शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल


नारनौल। पॉलिटेक्निक में रक्तदाता का हौसला बढ़ाते एसडीएम अनिरुद्ध यादव व प्रिंसिपल अनिल यादव। फोटो: हरिभूमि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत चल रहे 16 दिवसीय कार्यक्रम के तीसरे दिन बाबा खेतानाथ गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक में युवा साथी ग्रुप हरियाणा व उड़ान जनसेवा ट्रस्ट ढाणी बाठोठा के सहयोग से 76वां रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, स्टाफ सदस्यों तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। शिविर के मुख्य अतिथि एसडीएम अनिरुद्ध यादव (आईएएस) ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है।

एक यूनिट रक्त कई जीवन बचा सकता है। युवाओं को ऐसे सामाजिक कार्यों में हमेशा सक्रिय रहना चाहिए, क्योंकि समाज की वास्तविक शक्ति उसके युवा ही होते हैं।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के प्रधानाचार्य अनिल यादव ने की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी और मानवता के प्रति समर्पण की भावना को मजबूत करते हैं।

विशिष्ट अतिथि के रूप में आरपीएस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा यादव, जिला युवा अधिकारी नित्यानंद यादव तथा एसएफ प्रेसिडेंट अनिल कुमार यादव मौजूद रहे।

### वंदे भारत ट्रेन का महेंद्रगढ़ रेलवे स्टेशन पर होगा ठहराव

**महेंद्रगढ़।** दिल्ली-बीकानेर के बीच चलाई जाने वाली वंदे भारत ट्रेन का महेंद्रगढ़ रेलवे स्टेशन पर ठहराव मंजूर हो गया है। इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने बताया कि नौ सितंबर को सांसद धर्मबीर सिंह ने रेल मंत्री से मुलाकात कर वंदे भारत ट्रेन का महेंद्रगढ़ स्टेशन पर ठहराव को लेकर निवेदन किया था। सांसद ने ये भी बताया था कि यहां केन्द्रीय विश्वविद्यालय भी स्थापित है, जहां देशभर से विद्यार्थी एवं प्राध्यापक आते हैं। इसलिए भी वंदे भारत ट्रेन का ठहराव किया जाना चाहिए। इस पर रेल मंत्री ने अपनी सैद्धांतिक सहमति देते हुए कहा था कि जल्द ही इस बारे विधिवत रूप से सारी प्रक्रिया पूरी कर सूचित किया जाएगा। संदीप मालड़ा ने बताया कि रेल मंत्री ने सांसद को पत्र लिखकर इस बारे सूचित कर दिया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

## गज पर सवार होकर आएंगी मां दुर्गा, बढ़ेगी सुख-संपदा

# 22 से नवरात्र प्रारंभ : 9 दिन की बजाय 10 दिन चलेगा पर्व

नवरात्रि की शुरुआत गजकेसरी योग से हो रही, जब गुरु मिथुन राशि में और चंद्रमा कन्या राशि में करेंगे गोचर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल


क्रांति निर्मल

भक्ति, आस्था और श्रद्धा का महापर्व शारदीय नवरात्रि इस वर्ष 22 सितंबर 2025 से आरंभ होकर एक अक्टूबर 2025 तक धूमधाम से मनाया जाएगा। सामान्यतः नवरात्रि नौ दिन की होती है, लेकिन इस बार तिथि बढ़ने के कारण यह 10 दिन तक चलेगी। आचार्य क्रांति निर्मल शास्त्री के अनुसार, नवरात्रि के दिनों का बढ़ना अत्यंत शुभ माना जाता है। इसका अर्थ है कि भक्तों को 10 दिनों तक माता दुर्गा के विविध स्वरूपों की पूजा-अर्चना करने का सौभाग्य मिलेगा। विशेष बात यह है कि इस बार मां दुर्गा का आगमन गज (हाथी) पर हो रहा है। देवी भागवत के अनुसार, गज पर विराजमान होकर मां का आगमन अत्यंत शुभ माना जाता है व कृषि में वृद्धि और राष्ट्र में धन-समृद्धि का विकास का संकेत देता है।

### पूजा विधि

- मिट्टी के पात्र में जौ बोकर जल छिड़कें।
- जल से भरा कलश स्थापित करें, उस पर आम के पत्ते और लाल कपड़े में लिपटा नारियल रखें।
- चौकी पर लाल वस्त्र बिछाकर मां दुर्गा का चित्र स्थापित करें।
- दीप प्रज्वलित करें, श्री गणेश, वरुण देवता, नवग्रह और षोडश मातृका का पूजन करें।
- मां भगवती को लाल फल, लाल पुष्प और प्रसाद अर्पण करें।
- "ॐ दुं दुर्गायै नमः" मंत्र का 108 बार जाप करें।
- पूजा समापन पर मां भगवती की आरती करें।

### प्रत्येक दिन होगी मां के अलग-अलग स्वरूप की पूजा

*प्रथमा तिथि 22 सितंबर : मां शैलपुत्री की पूजा*
*द्वितीया तिथि 23 सितंबर : मां ब्रह्मचारिणी की पूजा*
*तृतीया तिथि 24 सितंबर : मां चंद्रघंटा की पूजा*
*तृतीया तिथि 25 सितंबर : मां चंद्रघंटा की पूजा*
*चतुर्थी तिथि 26 सितंबर : मां कूष्माण्डा की पूजा*
*पंचमी तिथि 27 सितंबर : मां स्कंदमाता की पूजा*
*षष्ठी तिथि 28 सितंबर : मां कात्यायनी की पूजा*
*सप्तमी तिथि 29 सितंबर : मां कालरात्रि की पूजा*
*अष्टमी तिथि 30 सितंबर : मां महागौरी सिद्धिदात्री की पूजा*
*नवमी तिथि एक अक्टूबर : मां सिद्धिदात्री की पूजा*

### कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त

- *शुभ समयः 22 सितंबर प्रातः 6:01 से 7:30 बजे*
- *अन्य शुभ समयः 9:00 से 10:30 बजे*
- *अभिजीत मुहूर्तः 11:54 से 12:42 बजे*

### बन रहे ग्रहों के अद्भुत संयोग

आचार्य क्रांति निर्मल शास्त्री ने बताया कि इस नवरात्रि में अद्भुत ग्रह योग बन रहे हैं। ज्योतिषीय गणना के अनुसार इस बार बुधादित्य राजयोग, भद्र योग, धन योग, त्रिग्रह योग और गजकेसरी योग का संयोग रहेगा। यह योग समाज में सकारात्मकता, आर्थिक प्रगति और पारिवारिक समृद्धि का संदेश देते हैं। नवरात्रि की शुरुआत गजकेसरी योग से हो रही है, जब गुरु मिथुन राशि में और चंद्रमा कन्या राशि में गोचर करेंगे।